मूंगफली का मूल्य निर्धारित करना

2489. श्री रघवीर सिंह शास्त्री :
श्री दिनकर देसाई :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात का पता है कि मूंगफली के मूल्य अक्सर ऊंचे-नीचे होते रहते हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) उत्पादकों को उचित मूल्य दिलाने तथा मूंगफली के मूल्यों को स्थिर रखने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहेब शिन्दे) : (क) और (ख). जी हां, मूंगफली का मूल्य उत्पादन की कमी और अधिकता, जनसंख्या तथा आय में वृद्धि आदि के कारण बढ़ने वाली मांग में आने वाले अन्तरों के फलस्वरूप घटता बढ़ता रहता है ।

(ग) उत्पादकों को सुनिश्चित रूप से समुचित मूल्य प्रदान कराने तथा मूल्यों को स्थिर रखने के लिये उठाये जाने वाले कदमों में आयात । निर्यात नितियों में समंजन तथा बैंक ऋण नीति और वायदा बाजार को नियमित करना सम्मिलित है ।

चीनी मिलों को पुनः खोलना

2490. श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राज्यवार कितनी चीनी मिलों ने गन्ना पेरना आरम्भ कर दिया है और कितनी मिलें अभी तक बन्द पड़ी हैं ;

(ख) इन चीनी मिलों के बन्द होने के कारण कितने मजदूर बेरोजगार हो गये हैं ; और

(ग) इन मिलों को यथासम्भव शीघ्र चालू करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहेब शिन्दे) : (क) एक विवरण सलग्न है जिसमे 1969–70 के मौसम में जिन मिलों ने कार्य किया था उनकी राज्यवार कुल संख्या, जिन्होंने उस मौसम में 20 नवम्बर, 1970 तक पिराई कार्य शुरु कर दिया था और जिन्होंने उक्त तारीख तक 1970–71 मौसम के लिए पिराई कार्य शुरू किया था, उनकी राज्यवार संख्या दी गई है ।

(ख) और (ग). चीनी उद्योग एक मौसमी उद्योग है और उसके चालू होने की तारीख पिराई के लिए गन्ने की उपलब्धि, संयंत्रों की मरम्मत तथा ओवरहालिंग कार्य का पूरा होना, गन्ने के पकने आदि जैसे विभिन्न तत्वों पर निर्भर करते हुए प्रत्येक वर्ष भिन्न-भिन्न होती है । आशा है कि उत्तर प्रदेश में स्थित कुछेक कारखानों के अलावा जो एक सप्ताह अथवा 10 दिन देर से कार्य आरम्भ करेंगे, शेष सभी चीनी कारखाने सामान्य समय पर पिराई कार्य शुरू कर देंगे । तथापि, दो चीनी कारखानों ने सूचित किया है ··· एक आन्ध्र प्रदेश तथा दूसरा तामिलनाडु·······वे 1970–71 मौसम के दौरान कार्य करने की स्थिति में नहीं होंगे ।

विवरण

जिन चीनी मिलों ने 1969–70 में कार्य किया था और जिन्होंने 1969–70 और 1970–71 में 20 नवम्बर तक कार्य शुरू कर दिया था, उनकी राज्यवार संख्या सम्बन्धी विवरण